हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 22 अप्रैल 2025, समय 1810 (10 मिनट)

- केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छात्रों को अपने ज्ञान का इस्तेमाल समाज के हित में करने का आह्वान किया।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर भारत पूरी तरह सजग है।
- संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 के अंतिम परिणाम घोषित किए।
- हरियाणा की सिंचाई मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों और नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।
- हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष  जयदीप आर्य ने कहा है कि हरियाणा सरकार योग को पाठ्यक्रम से जोड़ने की प्रिक्रिया को आगे बढ़ा रहा है।

***********

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छात्रों को अपने ज्ञान का इस्तेमाल समाज के हित में करने का आह्वान किया है ।श्री चौहान आज करनाल के राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान में आयोजित 21वें दीक्षांत समारोह में 201 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करने के बाद संबोधित कर रहे थे।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे छात्र अपने तकनीकी ज्ञान से देश और विदेश में डेयरी क्षेत्र को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दीक्षांत का मतलब दीक्षा का अंत नहीं है बल्कि यह उनके जीवन की नई शुरुआत है। डिग्री लेने वाले छात्रों को जीवन में एक बड़ा लक्ष्य तय करने के लिए प्रेरित करते हुए कृषि मंत्री कहा कि यह उनके लिए ज्ञान को कर्म में परिणित करने का अवसर है।दीक्षांत समारोह से पहले केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने संस्थान के परिसर में

पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ धीर सिंह सहित अन्य अधिकारी उनके साथ मौजूद रहे।

*******

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर भारत पूरी तरह सजग है । इसलिए कृषि के लिए ऐसी किस्मों का विकास किया जा रहा है जो जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूल हों और उत्पादन भी बना रहे।

केन्द्रीय कृषि मंत्री करनाल में मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

कृषि मंत्री ने कहा कि -

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा -

मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा हर साल किसानों को उनकी लागत में 50% लाभांश जोड़कर न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। उन्होंने कहा की खेती के लिए हमारी 6 सूत्रीय रणनीति है जिसमें उत्पादन बढ़ाना, नई किस्मों को विकसित करना और तकनीक के माध्यम से खेती की लागत को घटाना शामिल हैं।कृषि मंत्री ने कहा कि अब हम प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ेंगे, इसीलिए प्राकृतिक खेती मिशन भी शुरू किया गया है। इससे उत्पादन नहीं घटता और अनाज व फसल की पौष्टिकता भी बढ़ती है। उन्होंने किसानों से कुछ जमीन पर प्रकृति खेती करने का आग्रह भी किया।श्री राहुल गांधी के एक बयान पर पूछे सवाल के जवाब में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत से बाहर जाकर किसी भी व्यक्ति को भारत की आलोचना नहीं करनी चाहिए

***********

संघ लोक सेवा आयोग, ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए हैं। आयोग ने नियुक्ति के लिए कुल एक हजार नौ उम्मीदवारों की

सिफारिश की है, जिनमें 725 पुरुष और 284 महिलाएँ हैं। शक्ति दुबे ने सिविल सेवा परीक्षा, 2024 में पहला स्थान हासिल किया है। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल सेवा परीक्षा की लिखित परीक्षा पिछले साल सितंबर में आयोजित की गई थी, जिसके बाद इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच साक्षात्कार हुए थे।

**********

पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को रोम में होगा। अंतिम संस्कार में दुनिया के कई नेता और गण्यमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। पोप के ताबूत को कल जनता के दर्शन के लिए वेटिकन शहर के सेंट पीटर बेसिलिका ले जाया जाएगा। पोप फ्रांसिस का निधन कल 88 वर्ष की आयु में वेटिकन शहर में उनके निवास पर हो गया था।

********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

***********

हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने आज करनाल में पश्चिमी यमुना नहर पर मिट्टी कटाव को रोकने के लिए चल रहे निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों मरम्मत का काम समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

चल रहे कार्य की प्रगति का जायजा लेने के बाद मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा -

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों और नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

**********

हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष  जयदीप आर्य ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए सरकार के पास प्रस्ताव भेजा जा चुका है।उन्होंने पंचकूला में आकाशवाणी समाचार को  बताया कि वहाँ 1000 योग व्यायाम शाला में 1000 आयुष योग सहायक नियुक्त किया जा चुके हैं।उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने योग को पाठ्यक्रम से जोड़ने की प्रक्रिया पिछले दो साल से आरंभ हो गई है।

उन्होंने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक तनाव को समाप्त व कम करने में सहायक है। जिस तरह से आज बच्चे बहुत तरह के मानसिक तनाव से ग्रस्त हैं तो इस तनाव से मुक्ति का  हल योग है।उन्होंने बताया कि व्यायाम शालों की रखरखाव में मरम्मत के लिए 8 से 10 करोड़ का बजट मांगा गया है।व्यायाम शालों के रखरखाव के लिए उनमें एक माली कम चौकीदार लगाए जाने की भी सरकार से मांग की गई है।

***********

आज दुनिया भर में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है।हरियाणा में आज विभिन्न स्कूलों कॉलेजों में पृथ्वी दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।भिवानी के पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में जल एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विद्यालय के अध्यापक राजेश कुमार ने बताया -

इस मौके पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा जल एवं पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता अपनाने का संकल्प लिया गया ।अंबाला जिले में वायु रक्षा आर्मी

प्राथमिक विद्यालय में छात्रों ने एक रैली निकाल कर लोगों को पर्यावरण बचाने का सन्देश दिया आर्य गर्ल्स कॉलेज, अम्बाला छावनी के प्रांगण में इको क्लब एवं रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण किया गया।कैथल के कैलरम स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पृथ्वी के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।